10 तीन साल की बच्ची के पेट में तीन किलो का ट्यूमर...



12 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में और बेहतर ...



## खबर संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश आज बालोद व डौंडीलोहारा में



**बालोद/डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बालोद पहुंचेंगे। श्री बघेल बालोद नगर पालिका परिषद के चुनाव के सम्बन्ध कांग्रेस के पक्ष में स्थानीय बुधवारी बाजार में एक सभा को सम्बोधित करेंगे। इसी तरह श्री बघेल आज ही डौंडीलोहारा में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। श्री बघेल कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार को लेकर दोपहर 2 बजे चुनावी सभा संबोधित करेंगे।

### खुद को पुलिस बताकर तीन लोगों ने युवक को पीटा, मामला दर्ज

**बालोद।** गुण्डरदेही में शराब दुकान के सामने खुद को पुलिस बताकर तीन लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। ग्राम साजा निवासी मोहन राजपूत की लिखित शिकायत के अनुसार मंगलवार शराब दुकान पहुंचे। शराब खरीदने के बाद 5 पाव शराब को बाइक की डिक्की में रखी थी। इसी दौरान शाम को तीन युवक पहुंचे और कहा कि हम लोग पुलिस वाले हैं। तुम लोग चुनाव के लिए शराब को बेचने के लिए ले जा रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। युवकों की शिकायत पर गुंडरदेही थाने में तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दुकान में बैठी महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शहर स्थित एक श्रृंगार दुकान में एक व्यक्ति द्वारा दुकान के काउंटर में बैठी महिला के साथ मारपीट करने तथा दुकान के सामान को तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। थाना बालोद में महिला की रिपोर्ट पर अरूण रात्रे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। वहीं, आमापारा बालोद निवासी धर्मनी सोनी ने बताया कि स्वयं की श्रृंगार सदन दुकान है। बुधवार को दुकान में थी, उसी समय दोपहर 3.45 बजे को आमापारा निवासी अरूण रात्रे बिना वजह से सायकल को उठाकर लाया और मेरे दुकान के सामने पटक दिया। उसके बाद गालियां देते हुये दुकान के काउंटर से खींचकर मारपीट करने लगा। इसके साथ ही पत्थर उठाकर दुकान के अंदर घुसकर काउंटर में लगे कांच को तोड़ दिया।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर पीटा, पति पर मामला दर्ज

**बालोद।** पत्नी द्वारा पैसे नहीं दिए जाने से नाराज नशे में धुत पति ने उनकी पिटाई कर दी। महिला की शिकायत पर राजहरा पुलिस ने शराबी पति के खिलाफ मामला कायम किया। राजहरा निवासी पीड़िता आरती गुप्ता ने बताया पुलिस को बताया कि बुधवार शाम को मैं सब्जी मार्केट में अपने फल की दुकान में थी। उसी समय मेरे पति शिव प्रसाद गुप्ता दुकान में आये और पैसा मांगने लगे। मैं अपने पति को दो तीन बार पैसा दे चुकी थी। पति शराब पीकर दुकान पहुंचा और फिर से पैसे की मांग करने लगे। इस पर मैंने मना किया, तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की। महिला की शिकायत पर राजहरा पुलिस ने पति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**चुनाव :** गुरूवार को नाम वापसी के बाद चुनाव आयोग ने अभ्यर्थियों को जारी किया चुनाव चिन्ह

# जिपं सदस्य पद के 10 अभ्यर्थियों ने छोड़ा मैदान अब 14 क्षेत्रों के लिए 46 के बीच होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गुरूवार को जिला पंचायत बालोद में नाम वापसी के बाद सभी 14 क्षेत्रों में स्थिति स्पष्ट हो गई है। नाम वापसी के अंतिम दिन तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया। सबसे अधिक क्षेत्र क्रमांक 14 से 5 अभ्यार्थियों ने नाम वापस लिया है। इस तरह अब कुल 46 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बता दें कि जिला पंचायत के सभी 14 क्षेत्रों के लिए कुल 56 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। जांच के दौरान एक अभ्यर्थी का नामांकन रद्द कर दिया गया था और कुल 55 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही पाए गए थे।

- सबसे अधिक 5 अभ्यर्थियों ने क्षेत्र क्रमांक 14 से वापस लिया नाम

अब जिला पंचायत बालोद के चुनाव मैदान में निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 3 प्रत्याशी मैदान में है, जिनमें कांति सोनेश्वरी, सीमा संध्या बर्मन, सोना देवी मानसिंह देशलहरे शामिल हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 से 2 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें मीना उमाशंकर साहू, संध्या सिंह भारद्वाज मैदान में है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 से 5 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें कौशिल्या बाई चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, रमा देवी ठाकुर, सुचित्र हेमंत साहू, तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 04 से सिर्फ 2 प्रत्याशी बबीता चौधरी और लक्ष्मी अशोक साहू चुनाव मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 से 5 प्रत्याशी गुलशन चन्द्राकर, मुकेश सिन्हा, पोषण बनपेला, पुरूशोत्तम लाल मारकंडे और रोमेश दास देशलहरा मैदान में है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 से केवल 2 प्रत्याशी चन्द्रप्रभा सुधाकर और प्रभा रामलाल नायक आमने-सामने हैं। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 07 में भी केवल 2 प्रत्याशी चुन्नी मानकर और प्रतिभा जयप्रकाश कोमिया में मुकाबला है। क्षेत्र क्रमांक 08 से 4 प्रत्याशी गैंद सिंह ठाकुर, होरीलाल रावटे, राजाराम तारम, श्याम सिंह नेताम मैदान में हैं।

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 से 3 प्रत्याशी अनीता रामाकांत कश्यप, कीर्तिका सतानंद साहू, पूजा वैभय साहू मैदान में हैं। इसी तरह निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से 3 प्रत्याशी संजय चन्द्राकर, शकुन्तला देवांगन और तोमन साहू में त्रिकोणीय मुकाबला है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 से 4 प्रत्याशी अनिता कुमेटी, दीपा रावटे, महेश्वरी रोशन आलेन्द्र और नीलिमा श्याम मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 से सबसे अधिक 6 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां ईश्वर सिंह घरेन्द्र, कोमेश कोर्राम, लोमेश धुर्वे, महावीर ठाकुर, मिथलेश निरोटी, राजेश रावटे मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। वहीं, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 में 2 प्रत्याशियों चंद्रिका यशवंत गंजीर तथा राजश्री क्षत्रीय के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 से अब केवल 3 प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में रह गए हैं। इनमें जितेन्द्र यादव, शैलेन्द्र सिंह सोरी और तेजराम साहू के बीच मुकाबला होगा। बता दें कि नाम वापसी के अंतिम दिन तक इसी क्षेत्र क्रमांक 14 से सबसे ज्यादा 5 अभ्यर्थियों ने चुनावी दंगल से खुद को अलग करते हुए अपना नाम वापस ले लिया।




### इन अभ्यर्थियों ने वापस लिया नाम

गुरूवार को जिला पंचायत में अपना नाम वापस लेने वालो मे क्षेत्र क्रमांक 05 से 2 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया है जिसमे मुकेश कुमार साहू, दीपिका देशलहरे है। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 से 1 प्रत्याशी संगीता सुधाकर ने अपना नाम वापस लिया है। जिला पंचायत बालोद के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 से 1 प्रत्याशी दारा सिंह भौसार्य ने अपना नाम वापस लिया है। जिला पंचायत बालोद के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 से 1 प्रत्याशी संतोशी ठाकुर ने अपना नाम वापस लिया है। जिला पंचायत बालोद के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 से 5 प्रत्याशीयो नरसिंग साहू चोरमार, आदित्य पीपरे, लेखक चतुर्वेदी, मीना साहू, श्याम लाल साहू ने अपना नाम वापस लिया है।

## जनपद पंचायत गुरूर में 20 क्षेत्रों लिए होगा मतदान, एक में भाजपा को मिला वाकओवर

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर के लिए 21 निर्वाचन क्षेत्र के लिए नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 21 से भाजपा समर्थित सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू निर्विरोध चुन ली गई हैं। इस तरह अब जनपद क्षेत्र में 20 क्षेत्रों में चुनाव होगा।

- जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 से कांग्रेस उम्मीदवार ने वापस लिया नाम




चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 से 03 प्रत्याशी मैदान में है, जिसमें डोमन लाल साहू, नरेश मदन साहू, तुकारा साहू मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 से 04 प्रत्याशी भूशण लाल कलिहारी, देवचरण डॉ देव सार्वा, झालेन्द्र कुमार साहू, नूतन कुमार भेंसले मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02 से 03 प्रत्याशी घनश्याम साहू, गुलाब राम सिन्हा, मानिक लाल मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 से 03 प्रत्याशियों आशीष साहू, गजेन्द्र कुमार साहू, मुकेश कुमार सार्वा के बीच मुकाबला होगा। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 05 से 04 प्रत्याशियों छबिलाल धनकर, धनुष केजुराम साहू, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, पुरूषोत्तम साहू मैदान में टक्कर होगी।

वहीं, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 से 04 प्रत्याशी दुर्गानंद साहू, डॉ खुशाल सिंह कलिहारी, राजकुमार गंगबेर, तोषण लाल साहू मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 से 03 प्रत्याशी डीकेश्वर केशवबंधु, ममता विजय गौतम, सरोज चेलक मैदान में हैं। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 में 03 प्रत्याशी गोदावरी दुष्यंत सोनभद्र, लक्ष्मी भुनेश्वर सिंह गंगबेर, संध्या अजेन्द्र साहू मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 09 में 2 प्रत्याशी दिनेश्वरी फागूराम सिन्हा एवं टोमिन बाई अठभैया चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 10 में 04 प्रत्याशी अनिता बाई सनेश्वर साहू, गीतांजली साहू, लिलेश्वरी साहू, मीना फत्तेलाल साहू चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 11 से 02 प्रत्याशी गणेश्वरी खरेन्द्र एवं ममता सिहारे चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 12 से 03 प्रत्याशी भारती दुष्यंत साहू, लता लक्ष्मीचंद साहू एवं सरस्वती बाई के बीच मुकाबला है। क्षेत्र क्रमांक 13 से 02 प्रत्याशी अगेश्वर यामले एवं तानसिंह देहारी चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 14 से 03 प्रत्याशी नमीता महेश्वर साहू, रोशनी डिलेश्वर साहू एवं तारादेवी ताम्रध्वज यादव चुनाव मैदान में हैं। क्षेत्र क्रमांक 15 से 03 प्रत्याशी भोजेश कुमार साहू, हेमंत कुमार गुरूपंच, नरेन्द्र कुमार साहू चुनाव मैदान में है। क्षेत्र क्रमांक 16 से 05 प्रत्याशी भावना भाण्डुलकर, कुमारी बाई साहू, लीना तारम, प्रमिला साहू एवं सुनीता सुरेन्द्र तिवारी चुनाव मैदान में हैं।

क्षेत्र क्रमांक 17 से केवल 2 प्रत्याशियों सुलोचना धनीराम साहू एवं सुनीता संजय साहू के बीच सीधा मुकाबला है। क्षेत्र क्रमांक 18 से 03 प्रत्याशी राजकुमारी, पूनम सिन्हा, संतोषी साहू एवं संविता अरूण कुमार साहू चुनाव मैदान में हैं। वहीं, क्षेत्र क्रमांक 19 से 2 प्रत्याशी दिव्या बाई तारम एवं कौशिल्या भोजराम चन्द्रवंशी और क्षेत्र क्रमांक 20 से 02 प्रत्याशियों अजीत कुंजाम एवं प्रभा ठाकुर के बीच सीधी टक्कर है।

## बिना लड़े भाजपा ने जीत ली बाजी, अंतिम समय पर कांग्रेस उम्मीदवार ने छोड़ा मैदान

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर में भाजपा का खाता बिना चुनाव लड़े ही खुल गया। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 से भाजपा ने सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू को अधिकृत किया था, जहां से वे निर्विरोध चुन ली गईं। कांग्रेस की ओर से ग्राम मोखा निवासी कीर्ति केशव कटेन्द्र को अधिकृत किया था, उन्होंने नामांकन तो भरा, लेकिन नाम वापसी के अंतिम समय में उसने अपना नामांकन वापस ले लिया। इससे क्षेत्र क्रमांक 21 में एकमात्र सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू का ही नामांकन रह गया। इस प्रकार सुभद्रा ईशा-प्रकाश साहू जनपद क्षेत्र क्रमांक 21 में निर्विरोध चुन ली गईं। सुभद्रा के निर्विरोध जनपद सदस्य निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा नाम वापसी के अंतिम दिन आखिरी समय पर नाम वापस ले लेने से कांग्रेस खेमे में निराशा के साथ नाराजगी भी देखी जा रही है। उधर, कांग्रेस उम्मीदवार की नाम वापसी को लेकर नगर सहित क्षेत्र के सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।



- गुरूर जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 21 में भाजपा का कब्जा

### कांग्रेस ने बताया सत्ता का दबाव

सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू ने कहा कि यह जनपद पंचायत में भाजपा की पहली जीत है। यह संकेत है कि भाजपा के विजय का आगाज हो चुका है और आने वाले दिनों में पूरे जनपद में भी भाजपा का परचम लहराएगा। वहीं, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि हमें तो प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद पता चला। श्री साहू ने कहा कि हमारी प्रत्याशी की जीत तय थी, हमारे समर्थन में तीनों गांवों के ग्रामीण थे। वहीं, अपनी पार्टी की प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लेने के मामले में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष तमेश्वर साहू ने सत्ता पक्ष द्वारा दबाव का आरोप लगाया। श्री साहू ने कहा कि सत्ता का दबाव है। उधर, कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार कीर्ति केशव कटेन्द्र ने नामांकन वापस लेने के मामले में केवल नो कमेंट कहकर चुप्पी साध ली।

## ग्राम पंचायत पिकरीपार में लगातार दूसरी बार सरपंच सहित सभी पंच निर्विरोध चुने गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम पंचायत पिकरीपार में लगातार दूसरे पंचवर्षीय चुनाव में सरपंच सहित सभी 10 पंच निर्विरोध चुने गए। 2020 में स्वतंत्र पंचायत बनने के बाद ग्राम पंचायत पिकरीपार में ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लेकर अपनी पहली पंचायत को निर्विरोध चुना था, अब 5 साल बाद एक बार फिर ग्रामीणों ने सामूहिक निर्णय लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को निर्विरोध चुना है। ग्राम पंचायत पिकरीपार में आश्रित ग्राम तिलखैरी भी आता है, दोनों ग्रामों के ग्रामीणों का यह सामूहिक निर्णय है।

- पंचायत के तहत आने वाले दोनों गांवों के ग्रामीणों ने लिया सामूहिक निर्णय
- दोनों ही बार महिला को सौंपा गया नेतृत्व

ग्राम पंचायत में सरपंच का पद अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित है। ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम तिलखैरी की महिला पंचशीला साहू को दोनों ग्रामों के ग्रामीणों ने मिलकर अपना मुखिया चुना है। सरपंच पद के लिए नामांकन में उनका एकमात्र नामांकन पत्र जमा हुआ था। इसी तरह पंच पदों के लिए वार्ड क्रमांक 01 पिकरीपार से पीताम्बर साहू, पंच वार्ड क्रमांक 02 पिकरीपार से जागेश्वरी, पंच वार्ड क्रमांक 03 पिकरीपार से कविता यादव, पंच वार्ड क्रमांक 04 पिकरीपार से भुनेश्वरी साहू, पंच वार्ड क्रमांक 05 पिकरीपार से टामिन बाई साहू, पंच वार्ड क्रमांक 06 पिकरीपार से कंसराम साहू, पंच वार्ड क्रमांक 07 तिलखैरी से तिजिया साहू, पंच वार्ड क्रमांक 08 तिलखैरी से रामकुमार कोष्टा, पंच वार्ड क्रमांक 09 तिलखैरी से यशवंत कुमार यादव, पंच वार्ड क्रमांक 10 तिलखैरी से झामिन बाई ठाकुर को सामूहिक निर्णय लेकर चुना गया।

### पिछले कार्यकाल में पिकरीपार को नेतृत्व, अब आश्रित ग्राम तिलखैरी को मौका

ग्राम पंचायत पिकरीपार में प्रथम पंचवर्षी चुनाव में ग्राम पिकरीपार की चंदा तुकाराम साहू को ग्रामीणों ने सभी 10 पंचों सहित निर्विरोध चुनाव किया था। बीते 5 सालों में चंदा साहू के नेतृत्व में विवाद रहित कार्यकाल को देखकर ग्रामीणों ने पुनः इस वर्ष सभी का चुनाव निर्विरोध किया है। बड़ा ग्राम होने के बाद भी ग्राम पिकरीपार के ग्रामीणों ने अपने वादों को पूरा करते हुए इस बार अपने आश्रित ग्राम तिलखैरी को पंचायत में नेतृत्व करने का अवसर दिया है। यह निर्णय दोनों ग्रामों के ग्रामीणों की सामुहिक सहमति के बाद लिया गया।

## सड़क किनारे गड्ढे में गिरा बाइक सवार, मौत

**गुरूर।** ग्राम भूलंडबरी के पास सड़क किनारे बने गड्ढे में बाइक समेत चालक युवक गिर गया, जिससे मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है जिसे गुरुवार सुबह राहगीरों द्वारा देखने पर गुरुर पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर मोस्टमार्टम के बाद परिजनो को सौंप दिया गया। गुरूर पुलिस के अनुसार आसीस साहू पिता होरीलाल साहू 28 वर्ष गांव में बर्थडे पार्टी मना कर मोहरा गाँव से ग़ुरूर आ रहा था, तभी ग्राम भूलंडबरी के पास सड़क किनारे बने गड्ढे में बाइक समेत युवक गिर गया। रात होने के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं हो सकी, जिससे युवक रात भर सड़क किनारे गड्ढे में ही पड़ा रहा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ग्राम मोहारा निवासी था, जो ग्रामीण बैंक में चौकीदारी करता था।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बालोद।** अर्जुन्दा तहसील कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नंदकुमार देशमुख 52 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मंगलवार को नंदकुमार बाइक से अर्जुन्दा जा रहा था। इस दौरान तहसील कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक से गिरने से गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद राजनांदगांव के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अर्जुन्दा थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## दुधली विद्यालय के 2 स्काउट डायमंड जुबली जंबूरी तमिलनाडु में हुए शामिल



**डौंडीलोहारा।** सेजस विद्यालय दुधली के 2 स्काउट तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में डायमंड जुबली जंबूरी में प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव के मार्गदर्शन में तथा स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा के दिशानिर्देश पर शामिल हुए। बीएसजी डायमंड जुबली जंबूरी तमिलनाडु में पूरे भारत तथा विदेश से 25000 से अधिक स्काउट और गाइड्स ने भागीदारी की। साथ ही ऑस्ट्रेलिया, जापान, श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, यूएई, नेपाल के स्काउट और गाइड ने भाग लिया। डायमंड जंबूरी में आयोजित प्रतियोगिता मार्च पास्ट में प्रिंस पटेल, टिकेश देशमुख ने बालोद जिला का प्रतिनिधित्व किया।



# तीन साल की बच्ची के पेट में तीन किलो का ट्यूमर, डाक्टरों ने लंबी सर्जरी के बाद बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असहनीय पीड़ा और पेट में सूजन की शिकायत लेकर इलाज के लिए डीकेएस पीजीआई में लाई गई तीन साल की बच्ची के पेट में तीन किलो का ट्यूमर बन गया था। ट्यूमर बच्ची की किडनी और हृदय में रक्त की सप्लाई करने वाली महाधमनी को प्रभावित कर रहा था। कम उम्र की इस बच्ची के ऑपरेशन में बड़ा जोखिम था जिसे स्वीकारते हुए डाक्टरों की टीम ने घंटों मेहनत कर ट्यूमर को बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार बच्ची के माता-पिता उसे लेकर कुछ दिन पहले डीके हास्पिटल के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग में आए थे। उन्होंने बताया कि बच्ची के पेट में सामान्यतः कठोरता है। साथ ही वह अक्सर पेट दर्द की शिकायत करती है। माता-पिता की जानकारी के आधार पर जब तीन साल की बच्ची की सीटी स्कैन सहित अन्य जांच की गई, तो उसके पेट में बड़ा ट्यूमर था। ट्यूमर अत्यधिक जटिल था, क्योंकि यह किडनी के निचले भाग से एक्सोफाइटिक रूप में विकसित हो रहा था। साथ ही रक्त वाहिकाओं महाधमनी और निचली महाशिरा को प्रभावित कर रहा था। उसका आकार काफी बड़ा था और तीन किलो वजनी था, सर्जरी नहीं होने पर भविष्य में यह बड़ा जोखिम का कारण बन सकता था। इस बात को ध्यान में रखते हुए पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों की टीम के साथ अस्पताल की एकेडेमिक इंचार्ज एवं अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा, डा. नितिन शर्मा और डा. दीपक सिंह के नेतृत्व में सर्जरी पूरी की गई। सर्जरी के बाद ट्यूमर को सफलता पूर्वक बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद ट्यूमर की कोशिकाओं को जड़ से समाप्त करने उसे कीमोथैरेपी दी जा रही है।

## असहनीय पीड़ा की शिकायत पर डीके अस्पताल लाई गई थी बच्ची

### क्या है विल्म्स ट्यूमर

पीडियाट्रिक सर्जन डा. नितिन शर्मा ने बताया कि विल्म्स ट्यूमर बच्चों में पाया जाने वाला एक दुर्लभ लेकिन आक्रामक गुर्दे का कैंसर है। आमतौर पर जीन में होने वाले बदलाव की वजह से पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होता है। इसकी सही समय पर पहचान कल ली जाए, तो ठीक होने की संभावना अधिक होती है। इससे पीड़ित बच्चों के पेट में सूजन या कठोरता महसूस होती है, साथ ही उन्हें काफी दर्द का अहसास होता है।



### पीडियाट्रिक सर्जरी में विशेषज्ञता

डीकेएस पीजीआई की एकेडमिक इंचार्ज तथा अधीक्षक डा. शिप्रा शर्मा ने बताया कि अस्पताल उच्चस्तरीय कैंसर और बाल चिकित्सा सर्जरी में अपनी विशेषज्ञता स्थापित कर रहा है। कम आयु में पेट के भीतर बड़े ट्यूमर को हटाना काफी जोखिम भरा था, जिसे चिकित्सकीय टीम ने पूरा किया। अस्पताल में विभिन्न तरह की उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मौजूद है, जिसके माध्यम से मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### वैक्सीन के उचित रखरखाव के लिए ट्रेनिंग



**रायपुर।** विभिन्न तरह के वैक्सीनों के उचित रखरखाव के लिए कोल्ड चैन हैंडलरों को ट्रेनिंग दिया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर टीकाकरण नोडल अधिकारी डॉ संजीव मेश्राम की उपस्थिति में राजधानी के निजी होटल में कोल्ड चैन हैंडलर की कोल्ड चैन मेंटेन, टीका के रखरखाव और नियमित टीकाकरण कार्यकम के लिए 2 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में डॉक्टर नितिन पाटिल एसएमओ डब्लूएचओ, मास्टर ट्रेनर के रूप में सुनील स्टेट रिसोर्स परसन, सुरेश शर्मा रेफ्रिजरेटर टैक्नीशियन, कोल्ड चैन हैंडलर दुर्गाचरण साहू, कोल्ड चैन मैनेजर काजेश्वर सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय से सांख्यिकी अधिकारी डीके बंजारे, सेक्टरियल असिस्टेंट राज यदु, जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र डोंगरे उपस्थित थे।

### निशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र वितरित



**रायपुर।** ग्राम खोरपा में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करना था। केयर स्किल फाउंडेशन के माध्यम से 88 महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेहंदी ट्रेनर प्रज्ञा देवांगन ने महिलाओं को मेहंदी डिजाइनिंग की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी और उन्हें व्यावसायिक स्तर पर प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद 1 फरवरी को सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### कटोरातालाब, जोगी बंगला व अन्य क्षेत्रों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव

**रायपुर।** राजधानीवासियों को मच्छरों की समस्या से निजात दिलाने निगम से अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में घूम-घूमकर फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव करते दिखे। पीठ में पेटी लादकर स्प्रे से दवा छिड़काव कर रहे कर्मचारियों ने सिविल लाइन क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब एरिया, जोगी बंगला क्षेत्र व अन्य रिहाइशी बस्तियों में अभियान चलाया। दरअसल, शहर में मच्छर उन्मूलन के तहत नगर निगम ने पहली बार 70 वार्डों के लिए एकीकृत अभियान चलाने पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग की एजेंसी को इस कार्य के लिए 3 माह का ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी लोगों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में पहुंचकर मच्छर उन्मूलन के लिए फागिंग करा रही है। मुख्य मार्ग में ई रिक्शा के जरिये यह कार्य किया जा रहा है।

# ई-रिक्शा की लूट, बालक सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रावांभाठा इलाके में हुई ई-रिक्शा लूट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट का ई-रिक्शा भी बरामद किया है। शहर के बंजारी नगर रावांभाठा निवासी सालिकराम केवर्त 34 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 फरवरी की रात करीब 8.30 बजे वह ई-रिक्शा चलाकर रेलवे स्टेशन से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान डीआरएम ऑफिस के पास तीन लड़के जो सड़क पर खड़े थे, अचानक रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। सालिकराम ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका रिक्शा लूट लिया और फरार हो गए। घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लड़के सन्यासीपारा स्थित श्मशान घाट के पास ई-रिक्शा में बैठे हुए हैं। पुलिस ने इसके बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का रिक्शा जब्त किया।




### रिक्शा के पाट्र्स अलग-अलग कर बेचने की फिराक में थे आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में आदित्य उर्फ मोन्टी सोना 18 वर्ष निवासी काली नगर गंज, शेखर वर्मा 25 वर्ष निवासी सुदामा चौक के पास जागृति नगर खमतराई एवं हुलेश सागर 20 वर्ष निवासी वाल्टेयर लाइन के पास जागृति नगर खमतराई के साथ एक नाबालिग है। ये सभी आरोपी चोरी के ई-रिक्शा के पाट्र्स को अलग-अलग कर उसे बेचने की फिराक में थे।

## भाजपा की महापौर प्रत्याशी व पूर्व नेता प्रतिपक्ष मीनल ने रूबरू दिए जवाब

# सुविधा देने प्राथमिकता से होगा विकास कैपिटल सिटी के रूप में मिलेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैपिटल सिटी के रूप में रायपुर को जाना-पहचाना जाए, इसके लिए प्रयास करूंगी। लोगों को सुविधा देने के लिए प्राथमिकता से विकास कार्य होंगे। यह कहना है भाजपा कि महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे का। बुधवार को रूबरू में उन्होंने प्रेस क्लब में मीडिया के सामने अपनी प्राथमिकताओं को गिनाते हुए दो टूक कहा कि पहले क्या हुआ, यह शहर की जनता जानती है। रायपुर निगम में काफी सालों से काम कर रही हूं इसलिए समस्याओं से अवगत हूं। संपत्ति कर, सड़क चौड़ीकरण से जुड़े विषयों पर कहा कि पार्टी ने घोषणा पत्र में सब कुछ स्पष्ट किया है।

मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों के मुताबिक ही काम करूंगी। राज्य और केन्द्र में भाजपा की सरकार है, इसलिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे चुनावी व्यस्तता के बाद भी रूबरू में सवालों का जवाब देने मौजूद थीं। आगे कहा कि शहर बड़ा है और यहां जनता की मांग रहती है कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, सड़क और नालियों की सफाई होती रहे। इसके लिए सरकार पैसा देती है। कई कार्यों के लिए केंद्र सरकार द्वारा फंड उपलब्ध कराया जाता है। अगर जीतकर आती हूं, तो मेरी प्राथमिकता होगी कि लोगों को चौड़ी सड़कें मिलें। निचली बस्तियों में पानी भरने की समस्या दूर हो। पिछले पांच सालों में यह काम नहीं हुआ।




### पैसे का समुचित उपयोग नहीं हुआ

राज्य सरकार निगम को शुद्ध पेयजल के लिए अच्छा खासा पैसा देती है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नालियों और सड़कों की सफाई के लिए पैसा आता है। मेरी प्राथमिकता होगी कि नालियों की नियमित सफाई होती रहे और सड़कें हमेशा साफ-सुथरी रहें। कांग्रेस के शासनकाल में यह कहा जा रहा था कि घरों से डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। इसके बाद भी गलियों में कचरा दिखता था। कई स्थानों पर रोज कचरे का अंबार लगता था। इन सब के लिए अच्छा खासा फंड भी था, लेकिन उपयोग पूर्व महापौर नहीं कर पाए।

# ऊर्जा तकनीक में 78% फेल, इंग्लिश में सर्वाधिक 90% छात्र उत्तीर्ण

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को 8 सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। इनमें सबसे अच्छा परिणाम एमए इंग्लिश का रहा तो सबसे खराब प्रदर्शन रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने किया। एमए इंग्लिश तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 221 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 199 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 4 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि 18 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इस तरह से परीक्षा परिणाम 90.05 प्रतिशत रहे हैं। वहीं बैचलर ऑफ वोकेशन इन रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की परीक्षा में शामिल 9 छात्रों में से सिर्फ 2 ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष 7 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इसके परिणाम 22.22 प्रतिशत रहे।

- मात्र 9 छात्रों ने ही दिलाई थी रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की परीक्षा

एमए अर्थशास्त्र के परिणाम भी अच्छे रहे हैं। परीक्षा दिलाने वाले 157 छात्रों में से 142 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 2 छात्र अनुत्तीर्ण हैं, जबकि 13 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया। परिणाम 90.45 प्रतिशत रहे हैं। इन विषयों के अलावा रविवि ने जिन कक्षाओं के परिणाम जारी किए हैं उनमें बैचलर ऑफ वोकेशन इन रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी पंचम सेमेस्टर, एमए साइकोलॉजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी बायोसाइंस, एमएससी सांख्यिकी (सभी तृतीय सेमेस्टर) शामिल है। रविवि ने सभी कक्षाओं के नतीजे अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

### प्रथम वर्ष के नतीजे अंत में

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। इसके अंतर्गत बीए, बीकॉम और बीएससी की परीक्षाएं भी वार्षिक पद्धति से ना होकर सेमेस्टर सिस्टम से हो रही है। रविवि द्वारा आयोजित की जाने वाली अधिकतर सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्ति की ओर है। जिन विषयों में छात्र संख्या कम थी, उनका मूल्यांकन कार्य पहले पूर्ण कर परिणाम जारी किए जा रहे हैं। अधिक छात्र संख्या वाले विषयों का मूल्यांकन कार्य अभी जारी है। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की कॉपियां भी अभी जांची नहीं जा सकी है। सूत्रों के अनुसार, सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत सबसे अंत में परिणाम प्रथम वर्ष के ही जारी किए जाएंगे।

# निगम ने शहर के 3 जोन से आधा दर्जन जगहों पर मार्केट डेवलपमेंट का भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बाजार विकास योजना के तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नगर निगम के 3 जोन से आधा दर्जन जगहों पर मार्केट डेवलपमेंट का प्रस्ताव बनाकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को मंजूरी के लिए भेजा है। एमआईसी की बैठक में स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव जोन स्तर पर प्रस्ताव मंगाकर वेंडरों को सुव्यवस्थित करने के मकसद से बनाया गया है। इसमें राज्य स्तरीय कमेटी इस पर निर्णय लेगी।

- एमआईसी से स्वीकृति के बाद सूडा के पास मंजूरी के लिए लंबित

शहर को महानगर के अनुरूप सुव्यवस्थित करने रायपुर नगर निगम ने मार्केट डेवलमपेंट प्लान बनाया है। इसके लिए पूर्व में सभी 10 जोन को पत्र लिखकर जगह का चिन्हांकन कर प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा गया। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि शहर में दो स्थानों को पीपीपी मोड पर वेंडिंग जोन के लिए तैयार किया जा रहा है। इसमें बूढ़ातालाब के पास पुराने धरना स्थल जोन 4 क्षेत्र में 10 वेंडरों का चुनाव लाटरी प्रक्रिया द्वारा नियम अनुसार किया गया है। आचार संहिता हटने के बाद व्यवस्थापन की कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह जब्बार नाला के पास जोन 3 के माध्यम से वेंडिंग जोन विकसित करने की तैयारी है।

### मार्केट डेवलपमेंट प्लान इन जगहों पर

- जोन 1 से संत कबीर दास वार्ड के गोंदवारा ओवर ब्रिजे के नीचे वाली जगह
- जोन 6 से टैगोर नगर चौक के समीप
- त्रिमूर्ति मंदिर के पास
- भाठागांव आटो स्टैंड के पास वाली खाली जगह
- जोन 8 से हीरापुर बाजार में वेंडर मार्केट का निर्माण किया जायेगा
- रायपुरा में महादेवघाट विसर्जन कुंड के पास

# भाजपा-कांग्रेस के घोषणा पत्र में कई वादे रिपीट

## साय बोले- कॉपी पेस्ट, बैज ने कहा- जमीन आसमान का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अटल संकल्प पत्र और कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने जनता से सुझाव लेकर 20 तो वहीं कांग्रेस ने भी लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर 34 बिंदुओं का घोषणा पत्र तैयार किया है। इनमें कई घोषणाएं ऐसी हैं, जो दोनों ही दलों में समान हैं। भाजपा ने 2019 में लाए घोषणा पत्र में से कई सारे बिंदुओं को शामिल किया है। वही कांग्रेस के घोषणा पत्र में भाजपा के 2019 और 2025 के घोषणा पत्र के कई वादे रिपीट किए गए हैं। कई वादे ऐसे भी हैं, जिन्हें 2019 के चुनाव में घोषणा की थी, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं।





**कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुख्यमंत्री ने बताया 'अटल विश्वास पत्र' का कॉपी-पेस्ट :** कांग्रेस की घोषणा पत्र जारी होते ही प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सीएम विष्णु देव साय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को बीजेपी के अटल संकल्प पत्र का कॉपी पेस्ट बताया है। सीएम साय ने कहा, कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास तोड़ चुकी है। कांग्रेस ने पिछले नगरीय निकाय चुनाव में किए गए अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। अब इनको कोई सफलता नहीं मिलने वाली है।

**बीजेपी-कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का अंतर : बैज**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि बीजेपी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में जमीन आसमान का फर्क है। हमारा घोषणा पत्र सीधा, स्पष्ट और सरल जनता के लिए है, लेकिन बीजेपी का घोषणा पत्र जनता को गोल-गोल घुमाने, जनता को ठगने और भटकाने के लिए है।

### कांग्रेस और भाजपा के घोषणा पत्र में ये है समानता

श्रद्धांजलि योजना के तहत दिए जाने वाले 4 हजार को बढ़ाकर 5 हजार किया गया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का वादा। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण और विवाह प्रमाण पत्र का घर पहुंच सेवा। यूजर चार्ज का युक्तियुक्त करण। बीजेपी ने प्रमुख निकायों में तो वहीं कांग्रेस ने हर निकाय में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सर्वसिविधायुक्त निःशुल्क लाइब्रेरी की घोषणा की है। शहरी सार्वजनिक स्थानों में महिलाओं के लिए टॉयलेट्स। विवाह और शोक कार्यक्रमों में मुफ़्त पानी टैंकर। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि अधिग्रहण का अधिकार। विश्वविद्यालय और स्कूलों में मुफ़्त सेनेटरी नैपकिन्स। स्वसहायता समूहों की महिलाओं को रोज़गार देने का वादा। सार्वजनिक स्थानों में मुफ़्त वाई-फाई। नियमित भुगतान पर संपत्ति कर में छूट।

# लगातार हार की चिंता में भाषा का संयम भी खो चुके हैं भूपेश : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अशालीन बयानबाजी पर कड़ा ऐतराज जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि लगातार हार और नगरीय निकाय चुनाव में भी पराजय की आशंका से कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के बारे में व्यक्त बघेल के विचार कतई स्वीकार नहीं किए जा सकते।



राजनीतिक विमर्श में ऐसी भाषा की कोई जगह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री नबीन का पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता से संपर्क है। प्रदेश के हर कोने तक पहुंच कर उन्होंने संगठन को मज़बूत किया और कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भूपेशजी लगातार हो रहे पराजय को पचा नहीं पा रहे हैं, इसलिए ऊल-जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री को उनके किए की सजा जनता ने दी है। उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए और बजाय बौखलाहट में आपा खोने के, अपनी भूलों को स्वीकार करते हुए सुधार करना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि श्री बघेल न केवल जनता में अलोकप्रिय और अप्रासंगिक हो गये हैं बल्कि अब कांग्रेस के भीतर भी उन्हें कोई सहन करने के लिए तैयार नहीं है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष महंत ने उनके नेतृत्व को खुली चुनौती दी है। अब अपनी राजनीतिक जमीन बुरी तरह खो चुके बघेल को अब राजनीति छोड़ देनी चाहिए। उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि अपार बहुमत से सत्ता में आने के बावजूद अपनी करनी, अपने भ्रष्टाचार, वादाखिलाफ़ी और अक्षमता के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता का विश्वास खो दिया, उनकी बेजा बयानबाजी ने भी कांग्रेस की लुटिया डुबो दी। ऐसे बयानों से कांग्रेस का रहा-सहा आधार भी समाप्त हो जायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने प्रभारी के बारे में अनर्गल और बेजा बयानबाज़ी सहन नहीं करेंगे।

# पीसीसी ने किराए पर लिया हेलीकाप्टर हर नगरीय क्षेत्र तक पहुंचेंगे बड़े नेता

**चुनाव प्रचार थमने के दिन तक प्रचार के लिए करेंगे उपयोग**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस ने हेलीकाप्टर किराए पर लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह हेलीकाप्टर अपने बड़े नेताओं से चर्चा के बाद प्रचार थमने के दिन 9 फरवरी तक के लिए लिया है। कांग्रेस के बड़े नेता इस दौरान प्रचार के लिए इसका उपयोग करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव में कम समय में पूरे प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, बस्तर से सरगुजा और मानपुर से रायगढ़ तक पहुंचना आवश्यक था। हमारे बड़े नेता हर नगरीय निकायों में पहुंच सकें इसका प्रयास है।

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता अब हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे, ताकि वे बड़े पैमाने पर प्रचार कर सकें और कार्यकर्ताओं के बीच ऊर्जा का संचार कर सकें। चापर के आने से पार्टी नेताओं को विभिन्न स्थानों पर एक साथ अधिक समय में पहुंचने का अवसर मिलेगा और वे जनता और कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर सकेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरे पर जाएंगे और विभिन्न जिलों में जनसभाएं करेंगे।

### महंत, टीएस, भूपेश और बैज भरेंगे उड़ान

इस प्रचार में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने चुनावी दौरे के दौरान इस प्रचार का हिस्सा होंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज भी बस्तर क्षेत्र के लिए हेलीकॉप्टर से चुनावी दौरा करेंगे। 4 फरवरी को बैज ने हेलीकाप्टर से सरायपाली और रायगढ़ में चुनावी प्रचार में हिस्सा लिया। यह कदम कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी प्रचार में गति लाने और अधिक से अधिक क्षेत्रीय जनसमूह तक पहुंचने के लिए उठाया गया है। हेलीकॉप्टर से प्रचार करने से नेताओं को चुनावी क्षेत्र में अधिक समय बर्बाद किए बिना विभिन्न स्थानों पर दौरा करने में मदद मिलेगी। यह प्रचार अभियान खासतौर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह को बढ़ाने और चुनाव में मजबूत स्थिति बनाने के लिए किया जा रहा है।

# व्हॉट्सऐप में भिड़े प्राध्यापक-छात्र, समय-सारिणी में बदलाव माहभर पूर्व, लेकिन पता चला 24 घंटे पहले!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं में विवि प्रबंधन फेल हो गया है। परीक्षा संबंधित कार्यों में लगातार सामने आ रही लापरवाही के बीच फिर एक मामला सामने आया है। इस बार मामला बीए-बीएड और बीएससी-बीएड से जुड़ा हुआ है। बीए-बीएड और बीएससी बीएड की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी से प्रारंभ हो गई हैं। पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार इंग्लिश की परीक्षा 13 फरवरी को होनी थी, वहीं भूगोल की परीक्षा 6 फरवरी को होनी थी। परिवर्तित समय-सारिणी के अनुसार, इंग्लिश की परीक्षा अब 6 फरवरी को होगी तथा भूगोल की परीक्षा 13 फवरी को होगी।

रविवि ने सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी दिसंबर माह में ही जारी कर दी थी। इसके पश्चात बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की परीक्षाओं में बदलाव संबंधित यह अधिसूचना 8 जनवरी को जारी की गई। रविवि ने इसे महाविद्यालयों को प्रेषित किया और अपने आधिकारिक वेबसाइट में भी अपलोड कर दिया। छात्रों को इसकी जानकारी नहीं हो सकी और वे पुराने टाइम-टेबल के आधार पर ही पढ़ाई करते रहे।



### अपडेट नहीं छात्र

समय-सारिणी में परिवर्तन जनवरी माह में ही कर दिया गया था। इसे महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट में भी अपलोड किया गया था। छात्र अपडेट नहीं रहते हैं, इसलिए इस तरह की समस्याएं आती हैं।
- **प्रो.राजीव चौधरी,** मीडिया प्रभारी, रविवि

### ग्रुप में डाली गई सूचना, तब हुई जानकारी

प्रत्येक महाविद्यालय सहित रविवि अध्ययनशाला में भी प्राध्यापक-छात्रों का ग्रुप बना होता है। रविवि अध्ययनशाला के बीए-बीएड और बीकॉम-बीएड प्रथम सेमेस्टर के व्हॉट्सऐप ग्रुप में जब 5 फरवरी को शिक्षक ने समय-सारिणी में बदलाव संबंधित अधिसूचना अपलोड की, तब छात्रों को ज्ञात हुआ कि टाइम-टेबल में बदलाव कर दिया गया है। इस मैसेज पर प्रतिक्रिया देते हुए छात्रों का कहना था कि, ऐसा नहीं होता है। ये गलत है। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी का कहना है कि वे 6-7 माह पूर्व ही 12वीं की परीक्षाएं उत्तीर्ण कर महाविद्यालयीन जीवन में पहुंचे हैं। उन्हें स्कूल में उन्हें सूचनाएं उपलब्ध कराई जाती थीं। जिस सूचना को ग्रुप में 24 घंटे पूर्व डाला गया, उसे पहले भी डाला जा सकता था।

## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मी गायक तपन का म्यूजिक एलबम रिलीज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी गायक तपन कुमार चक्रबर्ती ने में मुंबई में म्यूजिक एल्बम जोगिया में पार्श्व गायक अपना गीत रिकार्ड किया है। एलबम में उनके साथ गायिका पामेला जैन ने भी आवाज दी है। गीत को संगीतकार राजेश शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। गीत गीतकार शहाबुद्दीन अलवी ने लिखे हैं। यह गीत अब विभिन्न अडियो प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है, और इसका वीडियो फार्मेट होली तक रिलीज होने की संभावना है। तपन कुमार ने गायक दिव्य कुमार साथ एक युगल गीत रिकार्ड किया है। इस गीत को भी राजेश शर्मा ने संगीतबद्ध किया है और इसके बोल गीतकार रंधीर सिंह ने लिखे हैं।



### एएसपी और सीएसपी से किया मुलाकात



**भिलाई।** हुसैनी सेना के जिला अध्यक्ष सोहेल राइन के बनने के बाद एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी से मुलाकात किया। इस दौरान अपने समाज की गतिविधियों की जानकारी भी दी। सोहेल ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जिले में सामाजिक कार्य कर सभी को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया जाएगा। सोहेल ने बताया कि सांगठनिक विस्तार के बाद सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता लाई जाएगी। इसका लाभ समाज के युवाओं और जरूरूतमंदों को मिलेगा। साथ में परवेज सुलमानी, सोहेल अहमद मौजूद थे।

### निकुम में नाचा का आयोजन 7 को

**निकुम।** ग्राम निकुम भाठापारा बाबाधाम प्रांगण में पारंपरिक मंडई मेला 7 फरवरी शुक्रवार को होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ी नाचा शिव भोला नाच पार्टी करमतरा की मनमोहक प्रस्तुति रात्रि 10 बजे होगी। यह जानकारी समिति प्रमुख कार्तिक साहू व सालिक साहू ने दी।

### नकली सीबीआई बनकर 41 लाख की ठगी

**भिलाई।** नकली सीबीआई का अधिकारी बनकर महिला अधिवक्ता से 41 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि महिला अधिवक्ता के मोबाइल पर वीडियों कॉल आया था। महिला को कॉल करने वाला सवयं को दिल्ली का सीबीआई अफसर बनकर बात कर रहा था। महिला का झांसा दिया कि उनके नाम से आरबीआई में 140 खाता संदीप नाम के युवक ने खोला है।

# चुनाव के लिए मांग ली बसें, अब 80% निजी स्कूलों ने बदली अपनी समय-सारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के 80 प्रतिशत स्कूलों ने लोकल कक्षाओं की समय-सारिणी बदल दी है। अधिकतर स्कूलों ने अपने स्कूलों की परीक्षाएं आगे खिसका दी हैं। ऐसा परिवहन साधन नहीं होने के कारण किया गया है। प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को देखते हुए निजी विद्यालयों की बसें अधिग्रहित कर दी गई हैं। स्कूलों की अधिकतर बसें चुनाव कार्य में इस्तेमाल होंगी। बसों के अलावा कई स्थानों में विद्यालय भवन का इस्तेमाल भी चुनाव कार्य के लिए किया जा रहा है। यही वजह है कि निजी विद्यालयों ने अपनी समय-सारिणी ही बदल दी है।

- **लोकल कक्षाओं की समय-सारिणी निजी विद्यालयों ने जनवरी में ही कर दी थी जारी**

नगरीय निकाय यानी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत के लिए मतदान 11 फरवरी को होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव यानी पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान तीन चरण में 17, 20 और 23 फरवरी को होगा। इन तिथियों में, इनके एक दिन पहले और बाद की तिथियों के लिए वाहन अधिग्रहित कर लिए गए हैं।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई निजी विद्यालयों की बसें

### बोर्ड परीक्षाओं के बाद होंगी परीक्षाएं

निजी स्कूलों द्वारा सीजी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के पूर्व अथवा बाद में लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। सामान्यतः स्थानीय कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व ही आयोजित कर ली जाती हैं, ताकि मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय रहे और निर्धारित वक्त में परिणाम घोषित किए जा सकें। चूंकि बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व चुनाव हैं, इसलिए अब लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड परीक्षाओं के बाद होंगी। कई स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के मध्य अंतराल में आयोजन करा रहे हैं। परीक्षाओं की समय-सारिणी बदलने वाले स्कूलों में अधिकतर सीबीएसई बोर्ड से संचालित विद्यालय हैं।



### हमारी समस्याएं भी समझें

*हम शासन का सहयोग करने से इनकार नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमारी भी समस्याएं उन्हें समझनी चाहिए। जिन तारीखों में बस अधिग्रहण किया गया है, उनमें से अधिकतर तिथियों में परीक्षाएं थीं।*

*- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ*

## डौंडीलोहारा विकासखंड की ग्राम पंचायतों में चल रहा मतदाता जागरुकता अभियान

# मतदाताओं को मतदान की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड की ग्राम पंचायतों में इन दिनों त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश तथा रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम शिवनाथ बघेल, रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार हिंसा राम नायक, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ पंकज देव के मार्गदर्शन में जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक जनपद पंचायत डौंडीलोहारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा ग्राम पंचायतों को केंद्र बनाकर महिला स्वसहायता समूहों व कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली रंगोली सजाओ, शपथ ग्रहण जैसे विभिन्न माध्यमों से सभी मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने प्रेरित कर रहे हैं।

- **रेंगनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए रिटर्निंग ऑफिसर शिवनाथ बघेल**

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नये मतदाताओं तथा बुजुर्गों को जिला पंचायत, जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत चुनाव हेतु मत पत्र के रंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जाबो जाबो 17 फरवरी के मतदान करे बर जाबो। जैसे छत्तीसगढ़ी मीठी भाषा का प्रयोग करते हुए मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। इसके तहत ग्राम पंचायत रेंगनी में ग्राम रेंघई, चिल्हाटी, पार्री, दुधली सहित आसपास के मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता अभियान रैली में शामिल होकर शत प्रतिशत मतदान करने शपथ ली। रेंगनी की रमन बावरे, दुर्गा सेन, नेमीन कोठारी, जैना बाई खरे, गंगोत्री तारम, शिवबती खरे पार्री की दीपिका तारम सहित रमन बावरे की टीम ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।






ग्राम रेंगनी,रेंघई ,बिजोरा, पार्री, चिल्हाटी, दूधली सहित आसपास के महिला समूहों ने मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर नुक्कड़ नाटक में अपना अभिनय प्रस्तुत किया तो हंसी ठहाके के साथ लोगों ने तालियां बजाने से अपने आप को रोक नहीं पाये। नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिये शपथ दिलाई।

### सूझबूझ से मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं

जाबो कार्यक्रम में उपस्थित रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम शिवनाथ बघेल ने कहा कि उंगली की ताकत को आगामी 17 फरवरी को दिखाना है। सभी मतदाता को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये मतदान करने जरूर जाना है। वहीं, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ पंकज देव ने जाबो कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार आपको प्राप्त हो गया है, तो आप अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। अपनी सूझबूझ से मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। स्वतंत्र रूप से मतदान करें। अभी महिला समूहों के द्वारा बेहतरीन नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया है।



# धनोरा में शत चंडी यज्ञ एवं श्री हनुमंत कथा जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से महावीर उद्यान में शत चंडी यज्ञ श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा की अविरल धारा बह रही है। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि कथा के तीसरे दिन पंडित दीपक पाण्डेय ने कहा कि युवा पीढ़ी में जोखिम लेने का हौसला है इसलिए परिस्थितियां कैसी भी आ जाएं, पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुराई का त्याग जरुरी है। इसके साथ ही प्रसंग आने पर बताया कि सुग्रीव जी राजा बनने के चार महिने बाद भी भगवान श्री राम से मिलने नहीं गए और नहीं सीता जी की खोज करने का प्रयत्न किया। इसी तरह अपना कार्य हो जाने पर हम भी भगवान को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम सुख में भी भगवान का सुमिरन करेंगे, तो दुख आएगा ही नहीं।

# निदान 1100 में 1 माह में 6,700 से ज्यादा कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम जनता की समस्या का त्वरित निदान करने नगरीय प्रशासन द्वारा खोले गये निदान 1100 में शिकायतों की भरमार है। पिछले 1 माह में सबसे ज्यादा नाला और नाली सफाई को लेकर दर्ज कराई गई। शहरभर से 6,700 कॉल नाला और नाली में गंदे पानी के निकास को लेकर दर्ज कराई गई, जबकि दूसरे नंबर पर शिकायत मलबा नहीं उठाने को लेकर लोगों ने की।

यही नहीं, जल आपूर्ति की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी का कारण रही। 500 से ज्यादा लोगों ने जल विभाग के पानी की किल्लत दूर करने मदद मांगी। कुल मिलाकर चुनावी माह में भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही।

रायपुर शहर के रहवासियों की निगम से जुड़ी समस्या के त्वरित निवारण करने निगम मुख्यालय में ऑनलाइन शिकायत प्रणाली निदान 1100 की व्यवस्था नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने किया है। इस सेंटर में शहर के किसी भी इलाके से लोग घर बैठे अपनी समस्या फोन पर 24 घंटे ऑनलाइन बता सकते हैं। जन शिकायत निवारण प्रणाली के तहत लोगों से प्राप्त शिकायतों को संबंधित सेंटर से सीधे उस जोन के विभागीय अधिकारी के पास भेजने की व्यवस्था है।

इसके बाद भी लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक निदान 1100 में अलग-अलग जगहों से 6,785 लोगों ने कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। इसमें से 5 हजार से ज्यादा शिकायतों का समय रहते निराकरण किया गया। 1100 से ज्यादा समस्या के समाधान में समय लगा, 120 शिकायतें लंबित है।

### रिंग रोड से घड़ी चौक तक सड़क डामरीकरण सुंदरता बढ़ाने कलाकृति

**रायपुर।** रिंग रोड से घड़ी चौक तक के रास्ते में आम जनता की सुविधा के लिए सुगम आवागमन के लिए सड़क के दोनों ओर डामरीकरण कराया जा रहा है। डिवाइडर में नई ग्रिल लगाकर रंगरोगन कराने के साथ ही मार्डन आर्ट में आकर्षक कलाकृति बनवाई जा रही है। इसमें शेर, कछुआ, मोर से लेकर हाथ की आकृति वाले पंजे में बेटी बचाओ का संदेश आकर्षण का केन्द्र रहेगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इस कार्य के लिए रायपुर कंस्ट्रक्शन को 3.50 करोड़ में ठेका दिया है। अनुबंधित एजेंसी को मार्च तक कार्य पूरा करना होगा। महिला थाना के पास बाल गोपाल हास्पिटल से होलीक्रास स्कूल होते हुए जेसीआई चौक से मेमन हास्पिटल से नानेश तिराहा होकर सीधे रिंग रोड को मिलाने वाली सड़क की अब दशा सुधरेगी। इससे आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव कम होने के साथ ही सुगम आवागमन के लिए लोगों को आसानी होगी।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
● एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
● गले की लेजर सर्जरी
● खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
● दांतों में ज्वेलरी लगाना
● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार



1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार



1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार



2 नग
रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार



3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार



1100
नियम व शर्तें लागू*
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम घीना (अर्जुन्दा) में श्रीमद्भागवत कथा आज से



**बालोद**। ग्राम घीना (अर्जुन्दा) में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान यज्ञ भागवत सप्ताह का आयोजन 7 से 15 फरवरी तक किया गया है। कथा वाचक पंडित रमेश तिवारी सारंगपुर कबीर धाम कवर्धा वाले होंगे। कथा दोपहर 01 बजे से होगी।

### ग्राम कोटेरा में सती-शिव महापुराण कथा 17 से

**डौंडीलोहारा**। समीपस्थ ग्राम कोटेरा में आगामी 17 से 25 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् शिव महापुराण का आयोजन शकुंतला उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य विनोद तिवारी उमरवाही वाले दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कथावाचन करेंगे। प्रथम दिवस 17 फरवरी को शोभायात्रा तथा मंडप वेदी पूजन, चंचुला की शिव पद प्राप्ति, 18 को सृष्टि खंड वर्णन, नारायण की नाभि से ज्योति लिंग दर्शन 19 को सती प्रसंग सहित अन्य प्रसंग होंगे। 20 फरवरी को भैनाक जी के जन्म की कथा, 21 को पार्वती जन्म, 22 को कुमार खंड, युद्ध खंड, 23 को रुद्र संहिता, 24 फरवरी को कोटि रुद्र संहिता तथा 25 फरवरी को वायु संहिता, शिवगीता, गुरु दीक्षा, पूर्णाहुति, महाआरती सहित महाभण्डारा का आयोजन होगा।

### गौरैया माघी पुन्नी मेला महोत्सव 10 से 12 तक

**लाटाबोड़**। न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्ति पीठ एवं ग्रामवासी चौरेल द्वारा गौरैया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। इसके तहत अमृत स्नान एवं रूद्राभिषेक का आयोजन 12 फरवरी को प्रातः 4 बजे से किया गया है। संगीतमय हरिकीर्तन श्री महेश्वरानंद महाराज का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से किया गया है। इस बीच 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सुर झंकार का कार्यक्रम रखा गया है। बताया जाता है कि प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थ गौरेया धाम 1100 वर्ष पुराना है, जिसका निर्माण हैहयवंशी राजाओं द्वारा कराया गया है। यहां 9वीं से 11वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां स्थापित है। यहां प्रति वर्ष गौरेया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग तांदुला नदी, जुझारा एवं सूखा नाला के पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाते हैं।

### ग्राम टेकापार भरदाकला में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**बालोद**। ग्राम टेकापार भरदाकला में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन 7 से 13 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक पंडित भोजेन्द्र अवस्थी दोपहर 1:30 बजे से कथावाचन करेंगे। 7 फरवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजा, भागवत माहात्म्य कथा होगी। 8 फरवरी को भागवत कथा प्रारंभ, परीक्षित श्राप, वराह अवतार कथा होगा। 9 फरवरी को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़भरत चरित्र कथा होगा। 10 फरवरी को अजामिल कथा, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन कथा होगा। 11 फरवरी को वामन अवतार, श्री कृष्ण जन्म कथा होगा। 12 फरवरी को श्री कृष्ण कथा, रूखमणी विवाह कथा होगी। 13 फरवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्री होगा। आयोजक गजरा बाई, सुनीता मुरली सिंह भारद्वाज, श्वेता अंबर सिंह भारद्वाज तथा ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

## परीक्षा : विकासखंड स्तर पर स्कूलों में हुई प्री बोर्ड परीक्षा के परिणामों की ली जानकारी

# 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं में और बेहतर परिणाम लाने के लिए करें पूरा प्रयास : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की बैठक लेकर जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने किए गए प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की।

■ कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की बैठक में की तैयारियों की समीक्षा

उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयासों से जिले में विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष और भी बेहतर परिणाम आने की अपेक्षा है। चंद्रवाल ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से बारी–बारी चर्चा कर उनसे विकासखंड स्तर पर स्कूलों में हुए प्री बोर्ड परीक्षा के परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने हेतु किए जा रहे विशेष प्रयासों पर भी विस्तृत चर्चा की।


विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षा की तुलना में प्री बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम काफी बेहतर आया है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रश्न बैंक एवं विशेष कक्षा लगाकर उन्हें परीक्षा में बेहतर अंक लाने मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कलेक्टर चंद्रवाल ने जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफलतापूर्वक संपादन के लिए की गई जरूरी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में परीक्षा के आयोजन के लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। केंद्राध्यक्ष, उड़नदस्ता टीम, प्रश्न पेपर और उत्तर पुस्तिका वितरण हेतु रूट निर्धारण सहित परीक्षा केंद्रों में शौचालय, कुर्सी, पंखा आदि मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निर्विघ्न रूप से बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन सुनिश्चित कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले में जेईई और नीट एग्जाम्स की तैयारी हेतु चल रही विशेष कक्षाओं की भी विस्तृत समीक्षा की।



### जेईई और नीट एग्जाम्स की तैयारी के लिए बेहतर रोडमैप तैयार करें

कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि जेईई और नीट एग्जाम्स की तैयारी के लिए बेहतर रोडमैप तैयार करें, जिससे विद्यार्थियों को तैयारी करने में आसानी हो। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने बैठक में जिले में संचालित पीएमश्री स्कूलों के संचालन की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में परीक्षा परिणाम बेहतर लाने हेतु सकारात्मक प्रयास जरूरी है। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों को पढ़ाई को और रुचिकर एवं आसान बनाने टेक्नोलॉजी का उपयोग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सहित समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्राम दुधली में निर्माणाधीन बालक छात्रावास भवन का किया निरीक्षण





**बालोद**। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली में स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर में पहुँचकर वहाँ निर्माणाधीन बालक छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से छात्रावास भवन के निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस निर्माणाधीन 100 सीटर छात्रावास का निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक इस छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस निर्माणाधीन छात्रावास के प्रत्येक कमरों को दो–दो बेड के हिसाब से निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान चन्द्रवाल ने शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य से वर्तमान में विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था एवं कन्या छात्रावास के निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य ने बताया कि उनके द्वारा कन्या छात्रावास के निर्माण के लिए लगातार शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। उन्होंने कन्या छात्रावास के निर्माण की स्वीकृति भी शीघ्र मिलने की आशा जताई।

# खेतों में उतरे कलेक्टर चंद्रवाल कृषि कार्यों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर चन्द्रवाल जिले के किसानों से उनके घरों एवं खेत खलिहानों में मुलाकात कर जिले में खेती–किसानी की वास्तविक हालात के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। इससे कि वे जिले में खेती–किसानी की जमीनी हकीकत से रूबरू हो सके। इसके अंतर्गत कलेक्टर चन्द्रवाल डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बुंदेली एवं सुरसुली में पगडंडी मार्ग से होते हुए किसानों के खेतों में पैदल पहुँचकर खेती–किसानी के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बुंदेली में किसान भोग सिंह साहू के घर में एवं ग्राम सुरसुली में किसान केशव साहू के खेत में पहुँचकर खेती–किसानी के कार्य के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने किसानों एवं ग्रामीणों से मौजूदा रबी सीजन में उनके खेतों में लगाए जाने वाले फसलों तथा उनके पैदावार के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों को समझाईश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के फसल हेतु अत्यधिक मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। इसके अलावा भूजल स्तर में भी लगातार गिरावट आ रही है। उसे ध्यान में रखते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले मक्का, चना, सरसों आदि फसलों के अलावा अन्य दलहन एवं तिलहन फसल लगाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि इन फसलों में पानी की खपत बहुत ही कम होने के अलावा कम लागत में अच्छी आमदनी भी हो जाती है। चन्द्रवाल ने ग्राम सुरसुली के किसान केशव राम को कहा कि उनके खेतों में पानी की समुचित प्रबंध हो गया है। इस कारण उन्हें इसका सदुपयोग करते हुए रबी सीजन में भी शाक–सब्जी के अलावा दलहन एवं तिलहन फसल लगाना चाहिए। इस दौरान एसडीएम शिवनाथ बघेल एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पूरी गंभीरता व मनोयोग के साथ लें प्रशिक्षण



**बालोद**। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौण्डीलोहारा में पहुँचकर नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत वहाँ चल रहे मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का अवलोकन किया।

■ मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य के अवलोकन के दौरान

इस दौरान चन्द्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स से प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी गंभीरता एवं मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा पीठासीन अधिकारी सहित सभी मतदान अधिकारियों को अनिवार्य रूप से हैण्ड्सऑन कराने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान चन्द्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों को लोकसभा एवं विधानसभा आम निर्वाचन तथा नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के अंतर के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को मतदान दिवस को सभी नगरीय निकायों के सभी मतदान केन्द्रों के बाहर अनिवार्य रूप से ईवीएम को प्रदर्शित कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम शिवनाथ बघेल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## रेंगाडबरी विद्यालय में मनाई गई बसंत पंचमी



**डौण्डीलोहारा**। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी स्थित हायर सेकेंडरी एवं माध्यमिक शाला में बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हवन पूजन कर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना कर खीर, पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमके कारते तथा समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा कार्यक्रम में उपस्थित कुमारी मंडावी, सुरेन्द्र साहू, घनश्याम रावटे, लखन लाल चंद्राकार, प्रकाश चंद जैन, प्रभा श्रीवास उपस्थित थे।

## पीएम श्री विद्यालय विनायकपुर में बच्चों को कराया न्योता भोज



**अंडा**। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में मोतीलाल मार्कण्डेय ने अपने ससुर बलराम खुटियारे की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया। कक्षा 1 से 8 तक के सभी बच्चों एवं शिक्षकों को लड्डू एवं बालूसाय का वितरण किया गया। शाला परिवार से आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर पीएम श्री स्कूल के प्रधानपाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर ने सभी पालकों एवं गणमान्य नागरिक से अपील की है कि सुख हो या दुख कोई भी मौके पर आप बच्चों को न्योता भोजन कराकर सहभागी बनें। न्योता भोज में डीएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा वितरण करने में सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, नरेश गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, कमलनारायण सोनी आदि स्टाफ उपस्थित थे।

# प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बालोद में लगा आरओ

**बालोद**। जिला मुख्यालय बालोद स्थित प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बालोद में अब स्कूल छात्राओं को भरपूर मात्रा में पानी मिल रहा है। उन्हें आरओ सिस्टम से शुद्ध पेयजल भी प्राप्त हो रहा है। छात्राओं ने पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास चंदेल ने बताया कि विगत दिनों छात्रावास की छात्राओं ने छात्रावास के ट्यूबवेल में दूषित पानी मिलने तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि छात्राओं द्वारा की गई शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्रावास में नया बोर खनन कराया गया। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जाँच की गई। उसके बाद छात्रावास में उक्त बोर के पानी का नियमित उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छात्रावास की छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने नवीन आरओ सिस्टम भी स्थापित किया गया है। इससे छात्राओं को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इसी प्रकार छात्राओं द्वारा छात्रावास के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की शिकायत की गई थी। इस मामले की भी जाँच करते हुए संबंधित 04 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को अन्य संस्था में कार्य के लिए आदेशित किया गया है।

■ ट्यूबवेल में दूषित पानी मिलने की शिकायत पर कराया गया नया बोर खनन

# रेंगाडबरी में गोण्डी पखवाड़ा के तहत हो रहे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विलुप्त हो रही भाषा के संरक्षण संवर्धन के प्रति जागरूकता के लिए 2 से 15 फरवरी तक गोण्डी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। गोण्डी भाषा के महत्व के साथ व्यापक रूप से बोलचाल में लाने के लिए पखवाड़ा के तहत प्रचार-प्रसार की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

इस दौरान दुनिया की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में गोण्डी भाषा के महत्व को समझने और इसके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने का आयोजन है। गोण्डी भाषा को बढ़ावा देने और इसके प्रति लोगों में रूचि बढ़ाने के लिए रेंगाडबरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

समाज के बुजुर्गों ने बताया कि आज वनांचल में रेला-पाटा, कर्मा, ददरिया, गोंडवानी, हुलकी, मांदरी, बिहाव गीत व विभिन्न पारंपरिक गीत गोण्डी में गाए जाते हैं। इस गोण्डी पखवाड़ा के माध्यम से गोण्डी भाषा के संरक्षण की पहल सराहनीय है। इससे न केवल गोण्डी भाषा सामने आएगी, बल्कि पारंपरिक गीत, साहित्य, सांस्कृतिक विविधता में गोण्डी भाषा के महत्व को समझा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता व गोण्डी अभ्यासक नंदकुमार कोर्राम ने गोण्डी भाषा को बोलचाल में लाने के प्रयास में अपने घर, परिवार, गली, मोहल्ला, गांव से प्रारंभ कर अपने दैनिक जीवन से जुड़े शब्दावली जैसे खान-पान, फल-सब्जी, अंगों के नाम, रिश्ता-नाता, तीज-त्यौहार से जुड़े शब्दों को समझने आनलाईन-आफलाइन क्लास में जुड़ने से लेकर गोण्डी साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उमेदी राम पडोती, भगवान सिंग कोर्राम, निरंजन पडोती, शांतिलाल पडोती, ईश्वर पडोती, मनोज मंडावी, रामचरण पडोती, रामजी पडोती, अर्जुन पडोती, नेमन साहू, महेंद्र निषाद, यशवंत सिन्हा एवं ग्रामवासी रेंगाडबरी उपस्थित रहे।

## ग्राम गब्दी जारी श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण-सुदामा प्रसंग का किया वर्णन

# इत्र वस्त्रों में और मित्र जीवन में सुगंध पैदा करता है : पं चंद्रप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम गब्दी भाठापारा में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण सुदामा की कथा श्रवण कर श्रोताओं के नयनों से भावविभोर होकर आंसू टपकने लगे। जीवन में मित्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पं. चन्द्रप्रकाश दुबे ने कहा कि इत्र वस्त्रों में, तो मित्र जीवन में सुगंध पैदा करता है। इसलिए इत्र, मित्र और चरित्र जीवन में बहुत आवश्यकता है। मित्र जीवन में सुगंध पैदा करता है और चरित्र जीवन को पूज्नीय बना देता है। इत्र कुछ घंटे बाद सुंगध समाप्त हो जाती है, सच्चा मित्र जीवन पर हमारे जीवन में खुशी देकर महकाते रहता है, मित्रता तो कृष्ण और सुदामा जैसे हो जो दीनहीन, दरिद्र बाहम्ण सुदामा को श्रीदामा की उपाधि व सुख देकर जीवन दीनदयाल ने बदल दिया। वहीं, आज मित्रता के नाम पर जीव क्षण भर जीव्हा स्वाद के मनुष्य राक्षस प्रविति की ओर बढ़ते हैं, जो जीव जिव्हा से पानी पीता है, वह मांसाहारी भक्षण करता है, लेकिन मनुष्य का असात्विक भोजन व नशा से दूर रहें। इस तरह के भोजन से तामसिक प्रवृत्ति बढ़ रही है। घरों में क्लेश, झगड़े बढ़ रहे हैं।

घर के आंगन में मां तुलसी महारानी की पूजा अर्चना कर प्रसाद स्वरुप तुलसी पत्ता मनुष्य ग्रहण करें। गले में तुलसी की माला धारण करें, तो वाणी और मन दोनों संयम व मिठास रहेगी। वहीं, संध्या को श्रीमद् भागवत की संध्या आरती व शोभायात्रा निकाली गई। 7 फरवरी को गीतापाठ, यज्ञ पूर्णाहुति व महाभंडारा होगी। आयोजक परिवार के संतोष सिन्हा ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कथा में शामिल होने का आग्रह किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025,
23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport